कार्यालयः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी

(जिला एवं सैशन न्यायालय परिसर, फलोदी)

(ई–मेल आई0डी0: dlsa42phalodi@gmail.com)

क्रमांक : DLSA-Phalod/Store / 01 दिनांक : 06.03.2026

–: विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना :–

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी कार्यालय हेतु Supply of Wooden and Steel Furniture उपापन किये जाने के लिए राजस्थान के पंजीकृत सूक्ष्म, और लघु उद्योगों से, जो बोली में वर्णित विषय वस्तु के लिए उद्योग विभाग एवं वस्तु एवं सेवा कर में पंजीकृत है, मुहरबंद बोली (तकनीकी–वाणिज्यिक एवं वित्तीय) निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। मुहरबंद बोली प्रपत्र 12.03.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिवस को तकनीकी–वाणिज्यिक बोली अपरान्ह 4.30 बजे खोली जायेगी । बोली पूर्णतया राजस्थान के पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए आरक्षित है।

S. No.	Particular	Estimated Valule	Bid Fees	Bid Security
1	Supply of Wooden & Steel Furniture at DLSA Phalodi	3.24 Lac	500.00 (For MSME)	1620.00 (For MSME)

1. बोली आमंत्रण सूचना, विस्तृत आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in और विभागीय वेबसाईट http://jodhpur.dcourts.gov.in पर देखा जा सकता है। बोली निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी।
2. बोली से सबंधित नियम, शर्त एवं बिड प्रपत्र किसी भी कार्यालय दिवस में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी के यहॉ अवलोकन किया जा सकता है एवं बोली प्रपत्र शुल्क निर्धारित दिवस एवं समय तक जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते है या राज्य लोक उपापन पोर्टल (http://sppp.rajasthan.gov.in) से भी डाउन लोड किया जा सकता है। डाउनलोड किये गये बोली प्रपत्र का मूल्य रू 500/– (Bid Fees for MSME) बोलीदाता द्वारा पृथक से डिमांन्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक बोली के साथ सलंग्न करना होगा। मुहरबंद बोली निर्धारित दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत की जा सकेगी, तत्पश्चात बोली स्वीकार नही की जायेगी। प्राप्त बोली निर्धारित दिनांक एवं समय को उपस्थित बोलीदाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
3. बोली प्रतिभूति राशि एवं बोली प्रपत्र शुल्क का डिमांन्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक Secretary, District Legal Service Authority, Phalodi के पक्ष में भुगतान योग्य होगा तथा बोली के साथ प्रस्तुत करना होगा। बोली प्रपत्र शुल्क अप्रतिदाय (Non-Refundable) होगा। बोली प्रतिभूति के बिना प्राप्त बोली पर कोई विचार नही किया जावेगा।
4. किसी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोली प्रपत्र में अंकित शर्तो के अतिरक्ति किसी प्रकार की कोई शर्त अंकित न की जावे। सशर्त बोली स्वीकार नही की जावेगी।
6. तकनीकी–वाणिज्यिक बोली में क्वालिफाईड/सफल बोलीदाता की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी ।

अध्यक्ष,
क्रय/उपापन समिति
(सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी)

कार्यालयः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी

(जिला एवं सैशन न्यायालय परिसर, फलोदी)

(ई-मेल आईडीः dlsa42phalodi@gmail.com)

क्रमांक : DLSA-Phalodi / Store / 02 दिनांक : 06.03.2026

–: विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना :–

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी कार्यालय हेतु Supply & Installation of Desktop/All In One PC, UPS, Single & Multifunction Function Printer, 1.5 ton 5 Star Split Invertor Air Conditioner and Multifuction Photocopier Machine उपापन किये जाने के लिये विषय वस्तु के बोनाफाइड विनिर्माता (Bonafide Manufacturers) / प्राधिककृत वितरक (Authorised Distributor) / प्राधिकृत डीलर (Authorised Dealer) / प्राधिकृत सदभाविक व्यवहारियों (Authorised Bonafide dealers) and Chanel Partner/ Authorised Retailer/Engaged in this busniness से, जो बोली मे वर्णित विषय वस्तु के लिए वस्तु एवं सेवा कर में पंजीकृत है, मुहरबंद बोली (तकनीकी–वाणिज्यिक एवं वित्तीय) निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है मुहरबंद बोली प्रपत्र दिनांक 12.03.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिवस को तकनीकी वाणिज्यिक बोली अपरान्ह 4.30 बजे खोली जायेगी ।

Sl. No.	Particular	Estimated Valule	Bid Fees	Bid Security
1	Supply & Installation of Desktop/All In One PC, UPS, Printer, and A.C. with Stabilizer and Multifuction Photocopier Machine at DLSA Phalodi	4.05 Lac	500	8100/-

1. बोली आमंत्रण सूचना, विस्तृत आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in और विभागीया वेबसाईट http://jodhpur.dcourts.gov.in पर देखा जा सकता है। बोली निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी ।
2. बोली से सबंधित नियम, शर्त एवं बिड प्रपत्र किसी भी कार्यालय दिवस में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फलोदी के यहॉ अवलोकन किया जा सकता है एवं बोली प्रपत्र शुल्क निर्धारित दिवस एवं समय तक जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते है या राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है। डाउन लोड किये गये बोली प्रपत्र का मूल्य रू 500/– बोलीदाता द्वारा पृथक से डिमान्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक बोली के साथ सलंग्न करना होगा। मुहरबंद बोली निर्धारित दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत की जा सकेगी, तत्पश्चात बोली स्वीकार नही की जायेगी। प्राप्त बोली निर्धारित दिनांक एवं समय को उपस्थित बोलीदाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
3. बोली प्रतिभूति राशि एवं बोली प्रपत्र शुल्क का डिमान्ड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक Secretary, District Legal Service Authority, Phalodi के पक्ष में भुगतान योग्य होगा तथा बोली के साथ प्रस्तुत करना होगा। बोली प्रपत्र शुल्क अप्रतिदाय (Non-Refundable) होगा। बोली प्रतिभूति के बिना प्राप्त बोली पर कोई विचार नही किया जावेगा।
4. किसी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित है।
5. बोली प्रपत्र में अंकित शर्तो के अतिरक्ति किसी प्रकार की कोई शर्त अंकित न की जावे । सशर्त बोली स्वीकार नही की जावेगी ।
6. तकनीकी–वाणिज्यिक बोली में क्वालिफाईड/सफल बोलीदाता की ही वित्तीय बोली खोली जायगी ।

क्रय/उपापन समिति

(सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी)

Technical Envelope 'A'

कार्यालय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी

तकनीकी–वाणिज्यिक बोली प्रपत्र (Technical-Commercial BID FORM)

Sl.No.	Particular	To be filled by Bidder
1.	Bid Title	Bid for Supply of Wooden & Steel Furniture at DLSA Phalodi
2.	Bid is to be Addressed & Sbmitted	**Secretary, District Legal Service Authority, Phalodi**
3.	Bidder Status (Proprietorship firm/ Partnership firm/ Company)	
4.	Name of Bidder Firm	
5.	Bidder Firm's Regd.Office Address.	
6.	Bidder Factory's Address	
7.	Telephone No. & Whatsapp No. and Email.Address	Telephone No.---------- Whatsapp No.---------- Email.Address----------
8.	Bid Fees (Non Refundable) Rs. 500/-(For MSME) in name of Secretary, District Legal Service Authority, Phalodi	Banker Cheque/DD No. ---------- dt----------
9.	Bid Security Rs. 1620/-(For MSME) in name of Secretary, District Legal Service Authority,Phalodi.	Banker Cheque/DD No. ----------dt.----------
10.	Bidder PAN No. (Self Attested Copy enclosed)	
11.	Bidder GST No. (Self Attested Copy enclosed)	
12.	MSME Reg. No (Entrepreneurs Memorandum-II/Udyog Aadhaar Memorandum Certificate) (Self Attested Copy enclosed)	

13- विभाग द्वारा बोली से सबंधित किसी भी प्रकार की सूचना WhatsApp or E-.Mail or Text Message पर दी जायेगी, जिस पर कार्यवाही करने के लिए सहमत है।

14. हम माल की सुपुर्दगी क्रय आदेश जारी होने की दिनांक से 10 दिवस के भीतर एफ.ओ.आर. सबंधित कार्यालय जिसके लिए बोली प्रस्तुत की गई है, पर पूर्ण करने के लिए सहमत है। हमारे पास रॉ मेटेरियल, लेबर, मषीनरी–सयंत्र तथा पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है ।

15. हमने प्रदाय किये जाने वाले माल की शर्तो , विनिर्देशों, आकार मेंक एवं रेखाचित्रों आदि की सावधानीपूर्वक जॉच कर ली है तथा बोली भरने से पूर्व कार्यालय में उपलब्ध सैम्पल का अवलोकन कर लिया गया है तथा उसी के अनुसार बोली प्रस्तुत कि जायेगी। यदि इन शर्तो, विनिर्देशों, रेखाचित्र आदि के किसी भाग के आशय के बारे में कोई संदेह होगा, तो वह बोली

प्रस्तुत करने/संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व, उसे उपापन संस्था से स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिया जायेगा।

16. हम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी द्वारा जारी की गई बोली में वर्णित शर्तो से तथा सलंग्न शीटों में दी गई उक्त सूचना की अतिरिक्त शर्तो से स्वीकार किए जाने के प्रमाण में हमने हस्ताक्षर कर दिए है।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मोहर

Technical Envelope 'A'

S.R. 16

कार्यालयः जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फलोदी

General terms & conditions of Bid & Contract

Instruction:- The Law relating to procurement "The Rajasthan Transparency in Public Procurement Act,2012" (hereinafter called the Act) and "The Rajasthan Transparency in Public Procurement Rules,2013" (hereinafter called the Rules) under the said Act have come into force which are available on the website of State Public Procurement Portal http://sppp.raj.nic.in. Therefore, the bidder are advised to acquaint themselves with the provisions of the Act and the Rules before participating in the bidding process. If there is any discrepancy between the provision of the Act and the Rules and this bidding document, the provision of the Act and the Rules shall prevail.

1. बोलीदाताओं को इन शर्तो को सावधानी पूर्वक पढना चाहियें तथा अपनी निविदाएं भेजते समय इनकी पूर्ण रूपेण पालना करनी चाहियें । अगर निविदादाता को निविदा कि शर्तो या विशिष्टताओं, जो निविदा में दिये गये है, के बारे में किसी प्रकार का निर्वचन (Interpretation) / आशय के संबंध में कोई संदेह हो, तो निविदा भरने से पूर्व उपापन संस्था को पत्र प्रस्तुत कर स्पष्टीकरण (Clarification) प्राप्त कर लेना चाहिये तथा उपापन संस्था का निर्णय अंतिम होगा तथा बोलीदाता जिसे स्वीकार करने के लिये बाध्य रहेगा।

2. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012, नियम 2013 तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इस सबंध में वित्त विभाग, राजस्थान द्वारा जारी अधिसूचना, परिपत्र, गाईडलाईन आदेश निर्देश आदि प्रभावी रहेगें।

3. बिड प्रारूप स्याही से भरा जायेगा या टंकित किया जायेगा पेन्सिल से भरी गई किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा । बिडदादाता बिड के निविदा के प्रत्येक पृष्ट पर हस्ताक्षर करेगा तथा अन्त में निविदा की समस्त निबंधनों एवं शर्तो को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर मय मोहर अंकित करेगा ।

4. **बोली दो लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की गई है। बोलीदाता द्वारा तकनीकी–वाणिज्यिक बोली एवं वित्तीय बोली पृथक–पृथक लिफाफें में प्रस्तुत कि जायेगी। बोली दस्तावेज जो तकनीकी बोली के साथ सलंग्न किये जाने है, उन्हे Technical Envelope 'A' में तथा वित्तीय बोली प्रपत्र, जिसमें दरे अंकित कि जावेगी, को Finacial Envelope 'B' में सील बन्द किया जायेगा। तकनीकी एवं वित्तीय बोली लिफाफे को एक बडें लिफाफे में रख कर सील बंद किया जायेगा। तीनो लिफाफों पर कार्य का नाम, कार्यालय का नाम जिसके लिए बोली प्रस्तुत की गई है एवं बिड सूचना संख्या अंकित कि जावे। वित्तीय लिफाफे में वित्तीय निविदा ही रखी जावे अन्य कोई प्रपत्र नही रखा जावे । यदि किसी बिडदाता द्वारा तकनीकी प्रस्ताव के साथ वित्तीय प्रस्ताव एक लिफाफें में दिया जाता है तो उसकी बिड निरस्त कर दी जावेगी ।**

5. बोली, विहित प्रारूप के अतिरिक्त अन्य प्रारूप में प्रस्तुत की गई बोलियों पर उपापन संस्था द्वारा विचार नही किया जायेगा। कार्यलय द्वारा ऐसी किसी भी बिड को प्राप्त नही करेगा, जो बिड प्रस्तुतीकरण के लिए नियत दिनांक और समय के पश्चात् व्यक्तिशः प्रस्तुत की गई हों । फैक्स द्वारा भेजी गई निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा । कोई भी बिड, जो बिड के प्रस्तुतीकरण के लिए अंतिम समय सीमा के पश्चात कोरियर/डाक द्वारा पहुंची हो, को विलंब से प्राप्त के रूप में चिह्नित और घोषित किया जा कर, बिना खोले ही रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा बिडदाता को लोटा दी जायेगी ।

6. बोली सूचना में दिये गये निर्देषो के अनुसार पूर्ण रूप से भरी गई बोली यथा आवष्यक दस्तावेजों के साथ यथोचित रूप से मुहरबंद लिफाफे में बंद कर **सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फलोदी** के पते पर निर्धारित समय तक जमा करा सकेगें/प्रेषित कर सकेगें। मुहरबंद बोली लिफाफे पर **Bid for Supply of ----------and Bid Notice No ----------& Dated ----------**आवष्यक रूप से अंकित कि जावे।

7. प्राप्त बिड़ को निर्धारित दिवस पर उपस्थित बिडदाता अथवा उसके प्रतिनिध के समक्ष विभागीय उपापन समिति द्वारा खोला जायेगा । सर्वप्रथम तकनीकी बोली को खोला जायेगा तथा तकनीकी बोली में सफल रहे बोलीदाता की ही वित्तीय बोली खोली जायेगी। तकनीकी बोली में असफल रहे बोलीदाता को पृथक से सूचित किया जायेगा। वित्तीय बोली खोले जाने से पूर्व बोलीदाता को सूचित कर दिया जायेगा तथा निर्धारित समय में कोई बोलीदाता अथवा उसका प्रतिनिधि उपस्थित नही होने पर विभाग की गठित उपापन समिति द्वारा बिना उसका इंतजार किए निर्धारित समय पर खोली जावेगी। राज.लोक उपापन में पारदर्षिता नियम 2013 के उप नियम 51(2) के अनुसार बोली को प्रस्तुत करने या खोलने की अंतिम दिनांक को कार्य दिवस नही है तो बोली अगले कार्य दिवस पर प्राप्त या खोली जायेगी। यदि उक्त दिनांक को राजकीय अवकाश रहता है तो आगामी कार्य दिवस को बिड खोली जायेगी।

8. **वस्तु एवं सेवा कर (GST) पंजीयन :– कोई भी बिडदाता यदि उस राज्य में प्रचलित जहाँ उसका व्यवसाय स्थित है, वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत नही है तो वह बिड नही देगा। बोलीदाता का GST में पंजीयन दिनांक 01.4.2021 से पूर्व का होना चाहिये। इस सबंध में पंजीयन संख्या का उल्लेख किया जाना**

चाहिए तथा पंजीयन की स्व: प्रमाणित प्रति बोली दस्तावेजो के साथ प्रस्तुत की जायेगी। इसके अभाव में बिड को रद्द कर दिया जायेगा।

9. वित्त विभाग राज. की अधिसूचना संख्या प. 1(8) वित्त/सावितेनि/2011 दिनांक 19.11.2015 के तहत उपापन विषय वस्तु अनुसूची-I में सम्मिलित होने के कारण बोली केवल, राज. में स्थित उद्योग, जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 की धारा 7 की उप-धारा (1) के अधीन सूक्ष्म एवं लघु उद्यम के रूप में उपापन कि विषय वस्तु के विनिर्माण के रूप में पंजीकृत है, से आमंत्रित की गई है। पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति बोली के साथ प्रस्तुत की जायेगी । उपरोक्त अधिसूचना दिनांक 19.11.2015 के खण्ड 11 के अनुसार बोली प्रपत्र के साथ Annexure"G" के अनुरूप निर्धारित शपथ पत्र प्रस्तुत किया जायेगा। खण्ड 8 के तहत Entrepreneurs Memorandum-II/Udyog Aadhaar Memorandum / Udyam Registration Certificate प्रस्तुत करने पर ही बोली प्रपत्र शुल्क एवं बोली प्रतिभूति एवं बोली कार्य संपादन प्रतिभूति राशि में नियमानुसार छूट दी जा सकेगी। इसके अभाव मे उपरोक्त शुल्क में छूट देय नही होगी।

10. दरे (Rates) :-

1) शब्दो एव अंको दोनो में लिखी जाएगी । इसमें कोई त्रुटियों एवं /या उपरिलेखन नही होना चाहिए। यदि कोई शुद्धियॉ करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिए एवं उन पर दिनांक सहित लघुहस्ताक्षर किए जाने चाहिए । दरों में सभी प्रकार के करों को पृथक से दिखाना चाहिए ।
2) बोली में दर अंकित करते समय किसी भी प्रकार की रिबेट/छूट घटाकर शुद्ध दरें (NET) ही दी जावे।
3) बोली दरें खुलने के पश्चात यदि कोई बोलीदाता अपने आप दर में कमी करता है तो वह प्रस्तावों में उपान्तरण माना जावेगा । जिसके कारण उसकी बोली निरस्त कर बोली प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी ।
4) बोलीदाता द्वारा बोली आमंत्रण में अंकित पूर्ण मात्रा हेतु बोली दी जावेगी । बोली आमंत्रण में अंकित मात्रा से कम मात्रा हेतु दी गई बोली मान्य नही होगी । जिसके आधार पर बोली निरस्त कर दी जावेगी ।
5) बोली मे निर्धारित स्पेसिफिकेशन के लिए ही एक ही दर प्रस्तुत की जावेगी । एक से अधिक दर देने तथा निर्धारित स्पेसिफिकेशन के अतिरिक्त अन्य स्पेसिफिकेशन के लिए दी गई दरों पर विचार नही किया जावेगा ।
6) दरे गन्तव्य स्थान सबंधित कार्यालय जिसके लिए बोली प्रस्तुत की गई है, के लिए एफ.ओ.आर उद्धत की जानी चाहिए तथा अनमें सभी आनुषंगिक प्रभारों को शामिल करना चाहिए किन्तु किसी भी प्रकार के करों को शामिल न करके इन्हें अलग से दिखाया जाना चाहिए । किसी भी गाडी भाडें (कार्टेज) या परिवहन प्रभारों का सरकार द्वारा भुगतान नही किया जाएगा ।

11. वित्तीय बोलीयों में अंकगणितीय त्रुटियों का सुधार (Correctin of arithmetic errors in financial bids) :- बोली मूल्यांकन समिति निम्नलिखित आधार पर, सारभूत रूप से प्रत्युत्तरदायी बोलियों में अंकगणितीय त्रुटियों का सुधार करेगी, अर्थात् :-

1) इकाई मूल्य और कुल मूल्य, जो इकाई मूल्य और मात्रा को गुणा करने पर प्राप्त होता है के मध्य यदि कोई विसंगति हो तो इकाई मूल्य अभिभावी होगा और कुल मूल्य में सुधार किया जायेगा, जब तक कि बोली मूल्यांकन समिति की राय में इकाई मूल्य में दशमलव बिन्दु की स्थिति में स्पष्ट गलती रह गयी है, ऐसे मामले में उत्कथित कुल मूल्य प्रभावी होगा और इकाई मूल्य में सुधार किया जायेगा
2) यदि योग के घटकों को जोडने या घटाने के कारण योग में त्रुटि रह गयी है तो घटक अभिभावी होंगे और योग में सुधार किया जायेगा ; और
3) यदि शब्दों और अंकों के मध्य कोई विसंगति है तो शब्दों में व्यक्त की गयी रकम तब तक अभिभावी होगी जब तक कि शब्दों में अभिव्यक्त रकम कोई अंकगणितीय त्रुटि से संबंधित न हो, ऐसे मामले में उपर्युक्त खण्ड (क) और (ख) के अध्यधीन रहते हुए अंकों में अभिव्यक्त रकम अभिभावी होगी।

12. बिडदाता अपनी बिड या उसके किसी सारभूत भाग को न तो किसी अन्य एजेन्सी को सौप सकेगा और नही किसी को आगे सब लेट कर सकेगा ।

13. बोलियों की विधिमान्यता की कलावधि ;Period of validity of Bids) :-

1) बोली की विधि मान्यता वित्तीय बोली/प्राईस बिड खुलने की तिथि से 90 दिन की अवधि के लिए विधि मान्य होगी । किन्तु उपापन की प्रकृति के आधार पर यह अधिक भी हो सकती है । लघुत्तर कालावधि के लिए विधिमान्य कोई बोली गैर प्रत्युत्तरदायी के रूप में उपापन संस्था द्वारा अस्वीकार की जायेगी ।
2) बोलियों की विधिमान्यता की कालावधि के अवसान के पूर्व, उपापन संस्था आपवादिक परिस्थितियों मे, बोली लगाने वालो से अतिरिक्त विनिर्दिष्ट समायावधि के लिए बोली की विधिमान्यता की कालावधि का विस्तार करने के लिए अनुरोध कर सकेगी । बोली लगाने वाला अनुरोध को अस्वीकार कर सकता है और ऐसी अस्वीकृत बोली प्रत्याहरण के रूप में मानी जायेगी किन्तु ऐसी परिस्थितियों में बोली प्रतिभूति समपहृत नही की जायेगी ।
3) एस बोली लगाने वाले जो उनकी बोली की विधिमान्यता की कालावधि के विस्तार से सहमत होते है, उनके द्वारा प्रस्तुत बोली प्रतिभूतियो की विधिमान्यता की कालावधि का विस्तार करेंगे या विस्तार करायेंगे या उनकी बोली की विधिमान्यता की विस्तारित कालावधि को आवृत करने के लिए नयी बोली

प्रतिभूतियां (Bid Securities) प्रस्तुत करेंगे। कोई बोली लगाने वाला जिसकी बोली प्रतिभूति विस्तारित नही की जाती है या जिसने नयी बोली प्रतिभूति प्रस्तुत नहीं की है, इसे उसकी बोली की विधिमान्यता की कालावधि के विस्तार के लिए अनुरोध को अस्वीकार किया जाना माना जायेगा।

14. बोलियो का प्रत्याहरण, प्रतिस्थापन ओर उपान्तरण (Withdrawal, Substitution and modifications of Bids) :–

1) बोली लगाने वाला बोली प्रस्तुत करने के पश्चात्, उसके या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा (प्राधिकरण पत्र संलग्न हो) सम्यक् रूप से हस्ताक्षरित लिखित नोटिस भेज कर उसकी बोली का प्रत्याहरण, प्रतिस्थापन या उपान्तरण कर सकेगा। बोली के तत्संबंधी प्रतिस्थापन या उपान्तरण के साथ लिखित नोटिस होना चाहिये। नोटिस –
   a) बोली दस्तावेजों के अनुसार प्रस्तुत किया जाये और इसके अतिरिक्त लिफाफे पर स्पष्ट रूप से "प्रत्याहरण", "प्रतिस्थापन" या "उपान्तरण" अंकित हो ; और
   b) बोलियों को प्राप्त करने के लिए नियत अंतिम समय और तारीख से पहले बोलियों को प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राप्त किया जाये या सीधे ही बोली के बक्से में डाल दिया जाये।

2) बोलियां, जिनके प्रत्याहरण का अनुरोध किया गया है, बोली लगाने वालों को बिना खोले लौटा दी जायेगी।
3) किसी बोली का प्रत्याहरण, प्रतिस्थापन या उपान्तरण बोलियों की प्राप्ति के लिए नियत अंतिम समय और तारीख के पश्चात् नहीं किया जायेगा।

15. मूल्यांकन की कसौटी :– बोली की मूल्यांकन कसौटी हेतु उपापन समिति द्वारा सामग्री क्रय का निर्णय गुणवत्ता एवं स्पेसिफकेषन पूर्णता के आधार पर प्रत्येक आईटम वाईज वित्तीय परिणामों एवं नमूना परीक्षण सहित गुणवत्ता पर आधारित होगा। उपापन समिति द्वारा सामग्री के भौतिक निरीक्षण/परीक्षण उपरान्त क्रय बाबत निर्णय लिया जावेगा। दर मूल्यांकन का विष्लेषण प्रत्येक आईटम वाईज अलग–अलग गुणवत्ता एवं न्यूनतम दरों के आधार पर किया जावेगा।

16. सैम्पल (Sample) :–

1) बोलीदाता द्वारा बोली प्रस्तुत करने से पूर्व समस्त उपापन कि जाने वाली विषय वस्तु के सैम्पल का कार्यालय समय में निरीक्षण कर सकता है। बोलीदाता द्वारा सैम्पल का निरीक्षण करने के पष्चात ही बोली प्रस्तुत कि जावे।
2) उपापन समिति द्वारा सामग्री के भौतिक परिक्षण हेतु सामग्री के सैम्पल प्रस्तुत करने का अनुरोध ई–मेल/फोन द्वारा करने पर निर्धारित दिवस में कार्यालय के परिसर में बोलीदाता को स्वंय के व्यय पर उपलब्ध/प्रस्तुत करवाना होगा। समिति द्वारा सैम्पल का तकनीकी एवं गुणवत्ता पैरामीटर के आधार पर भौतिक निरीक्षण करेगी। अगर कोई सैम्पल पैरामीटर को पूर्ण नही करती है, तो उसके द्वारा प्रस्तुत बोली को अयोग्य घोषित किया जायेगा। यदि कोई बोलीदाता भौतिक परिक्षण हेतु सामग्री के सैम्पल प्रस्तुत नही करता है तो उसे भी अयोग्य घोषित कर बोली प्रतिभूति राषि को समपहृत (Forefeit) किया जा सकेगा। सर्वप्रथम न्यूनतम बोलीदाता या सभी सफल बोलीदाताओ को सैम्पल प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जायेगा।
3) सैम्पल के प्रतिधारित (Retained) के दौरान किसी प्रकार की क्षति/हानि के लिए कार्यालय उत्तरदायी नही होंगा।
4) भौतिक निरीक्षण/परिक्षण के लिए प्रस्तुत सामग्री के सैम्पल अनुमोदन पष्चात अनुमोदित सैम्पल कार्यालय में रोका जायेगा तथा पूर्ण सप्लाई के पष्चात 15 दिवस में बोलीदाता द्वारा अपने स्वंय के व्यय पर वापस लिया जायेगा। अगर निर्धारित अवधि में सैम्पल को वापस नही लिया जाता है, तो उन्हे कार्यालय द्वारा समपहृत (Forefeit) किया जा सकेगा तथा उनकी लागत के लिये किसी भी दावे को स्वीकार नही किया जायेगा।
5) भौतिक निरीक्षण/परिक्षण के लिए प्रस्तुत सामग्री के सैम्पल जिसे समिति द्वारा अनुमोदित/स्वीकृत नही किया गया है, कि सूचना ई–मेल/फोन द्वारा करने पर 03 दिवस में अपने स्वंय के व्यय पर वापस लिया जायेगा। अगर निर्धारित अवधि में सैम्पल को वापस नही लिया जाता है, तो उन्हे कार्यालय द्वारा समपहृत (Forefeit) किया जा सकेगा तथा उनकी लागत के लिये किसी भी दावे को स्वीकार नही किया जायेगा।
6) बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत नमूना सैम्पल पर सैम्पल मद का क्रमांक एवं नाम, साईज,समुचित स्पेसिफिकेषन, फर्म का पूर्ण पता तथा सैम्पल प्रस्तुत करने कि दिनांक यथा आवष्यक विवरण कागज पर अंकित कर सुरक्षित रूप से बाधकर/चिपकाकर, उसे उपयुक्त रूप से चिन्हित किया जावेगा समान/समकक्ष सैम्पल से अदला बदल नही हो सके।

17. स्पेसिफिकेशन (Specification) :–

1) बोलीदाता द्वारा अंकित स्पेसिफिकेशन/अनुमोदित सैम्पल के अनुसार ही सामग्री का प्रदाय किया जावेगा तथा प्रदाय की जाने वाली सभी वस्तुए बोली एवं शर्तो से संबंधित निर्धारित स्पेसिफिकेषन/ अनुमोदित

सैम्पल के पूर्णतया अनुरूप होगी । जहां पर वस्तुओं की आई.एस.आई. स्पेसिफिकेशन के अनुसार अपेक्षा की गयी हो, उन मदों को पूर्णरूप से उन स्पेसीफिकेशन के अनुरूप होना चाहिए तथा उस पर वह मार्क होना चाहिए ।

2) यदि प्रदाय की जाने वाली वस्तुऐ निर्धारित स्पेसिफिकेशन/अनुमोदित सैम्पल के अभाव में अस्वीकार कर दी जाती है, तो अस्वीकृत माल के बदले निर्धारित स्तर की वस्तु देने की समस्त जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी तथा बोलीदाताओं को अस्वीकृत किये माल के बदले निर्धारित स्तर का माल बिना अतिरिक्त कीमत के प्रदाय किया जायेगा। अगर फिर भी बोलीदाता निर्धारित स्तर की वस्तु प्रदाय नही करता है तो उपापन समिति स्थानीय बाजार से निर्धारित स्तर की वस्तु क्रय करने के लिए स्वतंत्र होगी एवं अन्तर राशि बोलीदाता द्वारा भुगतान की जायेगी या प्रतिभूति राशि अथवा बिल से समायोजित की जावेगी ।
3) यदि बोलीदाता किसी अनुमोदित आईटम को सप्लाई करने में किसी भी कारण से असमर्थ है तो उसके समकक्ष या अन्य मेक का आईटम उपापन समिति के अनुमोदन के पश्चात बोलीदाता द्वारा उपलब्ध कराना आवश्यक होगा । यदि बोलीदाता अनुमोदित सामग्री प्रदाय नही करता है तो उपापन समिति स्थानीय बाजार से उक्त या बाजार में उसके समकक्ष उपलब्ध अन्य मेक की सामग्री क्रय करने के लिए स्वतंत्र होगी एवं अन्तर राशि बोलीदाता द्वारा भुगतान की जायेगी या प्रतिभूति राशि अथवा बिल से समायोजित की जावेगी ।
4) अस्वीकृत किया गया माल बोलीदाता द्वारा अस्वीकृति की सूचना के 15 दिन के अन्दर विभागीय परिसर से वापिस ले जाना होगा । 15 दिवस के पश्चात् विभागीय परिसर से माल नही ले जाने पर विभाग द्वारा निर्धारित भण्डारण व्यय बोलीदाता से वसूला जावेगा । माल अस्वीकृत होने की सूचना के 30 दिवस पश्चात बोलीदाता द्वारा विभागीय परिसर से माल नही ले जाने पर विभाग को उसका निस्तारण करने हेतु पूर्ण अधिकार होगा । अस्वीकृत माल के सबंध में यथोचित सुरक्षा रखी जावेगी, लेकिन विभागीय परिसर में ऐसे अस्वीकृत माल की क्षति, कमी, घाटा, नाश, टूट, फूट, हानि होने पर विभाग किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नही होगा ।
5) वांरटी एवं गांरटी का खंड :–बोलीदाता यह गारन्टी देगा कि माल/स्टोर्स/वस्तुए खरीदे जाने वाले उस माल/स्टोर्स/वस्तुओं की सुपुर्दगी के दिनांक से बोली में अंकित अवधि के लिए यथा विनिर्दिष्ट विवरण एवं गुणवतता के अनुरूप बनी रहेगी तथा इस तथ्य के बावजूद कि केता ने उक्त मालों/स्टोर्स/वस्तुओं का निरीक्षण कर लिया हो एवं/या उन्हें अनुमोदित कर दिया हो, यदि वांरटी एवं गांरटी की अवधि में, उक्त मालों/स्टोर्स/वस्तुओं को उपरोक्त विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप नही पाया गया या वे समाप्त हो गये है (तथा उस सबंध में केता अधिकारी का निर्णय अंतिम परिणामी होगा),तो केता उक्त मालों/स्टोर्स/वस्तुओं को या उनके उस भाग को जो उक्त विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप नही पाये जाएंगें, रद्ध करने के लिए अधिकृत होगा । ऐसे रद्ध किये जाने पर माल/स्टोर्स/वस्तुएं विकेता की जोखिम पर होगी तथा माल आदि को रद्ध करने से संबंधित समस्त उपबंध लागू होगे । निविदादाता, यदि उसे ऐसा करने के लिए कहा गया तो वह उस माल आदि को या उसके उस भाग को जिसे केता अधिकारी द्वारा रद्ध कर दिया गया है, बदल देगा, अन्यथा निविदादाता ऐसी क्षति के लिए भुगतान करेगा जो इसमें दी गयी शर्त के उल्लधंन के कारण उत्पन्न होगी । इसमें दी गयी कोई भी बात से इस संविदा के अधीन या अन्यथा उस संबंध में केता अधिकारी के किसी अन्य अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव नही डालेगी ।

18. माल की सप्लाई :–

1) सामग्री की तुरंत आवष्यकता है, अतः वे ही बोलीदाता बोली प्रस्तुत करे जिनके पा रॉ मेटेरियल, लेबर, मषीनरी तथा पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है तथा निर्धारित सुपुर्दगी अवधि में आपूति पूर्ण कर सके।
2) बोलीदाता बिड में माल सप्लाई के लिए निर्धारित स्थान पर माल की सही दशा में सप्लाई करने के लिए उत्तरदायी होगा तथा परिवहन की सामान्य स्थिति में माल में किसी प्रकार की क्षति न हो तथा गन्तव्य स्थल पर माल की सुपुर्दगी अच्छी दशा में प्राप्त हो सके । माल प्राप्तकर्त्ता द्वारा प्राप्त सामग्रियों की जांच, निरीक्षण किये जोन पर माल में पाई गई किसी प्रकार की हानि, क्षति, टूटफूट या रिसाव या किसी कमी के होने के मामले में हुई हानि एवं कमी की पूर्ति के लिए बोलीदाता उत्तरदायी होगा । इसके लिए कोई अतिरिक्त लागत स्वीकार नही की जाएगी ।
3) माल सप्लाई के लिए निर्धारित स्थान पर सही दशा में सुपुर्द किया जायेगा । यदि सप्लायर चाहे तो वह किसी भी प्रकार की हानि से बचने के लिए बीमा करा सकेगा । यह बीमा प्रभार बोलीदाता द्वारा ही वहन किया जाएगा तथा कार्यालय से इन प्रभारों का भुगतान करने की अपेक्षा नही की जाएगी। परिवहन के दौरान माल की किसी भी प्रकार की हानि के लिए यह कार्यालय उत्तरायी नही होगा तथा न ही बोलीदाता द्वारा किसी भी प्रकार के नुकसान का भुगतान करने की अपेक्षा नही की जाएगी ।
4) बोलीदाता द्वारा समस्त माल रेल्वे या गुडस ट्रांसपोर्ट के जरिये भाडा एवं अन्य प्रभार आदि चुका कर कार्य आदेश जारी होने के दिनांक से 10 दिवस के भितर गनतव्य स्थल (FOR) सबंधित कार्यालय जिसके लिए बोली प्रस्तुत की गई है, पर सप्लाई किया जायेगा । अगर कार्यालय द्वारा भाडा एवं अन्य प्रभार आदि का भुगतान किया जाता है तो उसकी वसूली प्रदायकर्त्ता के बिल से की जायेगी ।

5) यदि बोलीदाता द्वारा माल की सप्लाई निर्धारित मानदण्ड एवं स्पेसिफिकेशन के अनुसार नही की जाती है, तो बोलीदाता को सुनवाई का एक युक्तियुक्त अवसर देने के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय संविदा को निराकृत करने के कारणों को अभिलिखित करते हुए संविदा को निराकृत (Repudiate) कर सकते है।

19. भुगतान :–

1) बोली में सप्लाई के समय अग्रिम भुगतान की शर्त स्वीकार्य नही होगी । अतः बोली में दर अंकित करते समय अग्रिम भुगतान की शर्त नही दी जावे । यदि अग्रिम भुगतान की शर्त लगाई जाती है तो सशर्त बोली मानकर बोली निरस्त कर दी जावेगी ।

2) सप्लाई के समय माल प्राप्त होने पर निरीक्षण उपरान्त माल विभागीय स्पेसिफिकेशन के अनुसार पाये जाने पर भुगतान कर दिया जावेगा । अतः बोली में दर अंकित करते समय माल की सप्लाई के पूर्ण करने पर भुगतान हेतु समय सीमा की शर्त अंकित नही की जावे । यदि भुगतान हेतु समय सीमा अंकित की जावेगी तो सशर्त बोल मानकर बोली निरस्त की जा सकेगी ।

3) सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार उचित प्रारूप में जी.एस.टी.बिल तीन प्रतियों में प्रस्तुत करने पर नियामानुसार भुगतान किया जायेगा । राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012, नियम 2013 तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम एवं इस सबंध में वित्त विभाग, राजस्थान द्वारा जारी अधिसूचना, परिपत्र, गाईडलाईन आदेश निर्देश के तहत वैधानिक कटोतिया कर भुगतान किया जावेगा ।

4) विवादास्पद मदों के सबंध में, राशि का 10 से 25 प्रतिशत तक को रोका जाएगा तथा उस विवाद का निपटारा हो जाने पर उसका भुगतान कर दिया जायेगा ।

5) उन मामलों के सबंध में जिनमे परीक्षण करने की जरूरत है, भुगतान तभी किया जाएगा जब वे परीक्षण कर लिए जाएंगें तथा प्राप्त हुए परीक्षण परिणाम विहित स्पेसीफिकेशन के अनुरूप होंगें ।

6) परिनिर्धारित क्षयों, कम सप्लाई, टूटफूट, रद्ध की गयी वस्तुओं के लिए वसूली साधारण रूप से बिल से की जाएगी । कम सप्लाई, टूटफूट, रद्ध किए गए मालों की सीमा तक राशि को भी रोका जा सकेगा तथा यदि सप्लायर संतोषजनक ढंग से उनको नही बदलता है तो परिनिर्धारित क्षय (Liquidated damages) के साथ वसूली उसकी देय राशि एवं विभाग के पास उपलब्ध प्रतिभूति निक्षेप से की जाएगी । यदि वसूली करना संभव न हो तो राजस्थान पी.डी.आर.एक्ट या प्रवृत किसी अन्य कानून के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी ।

20. सुपुर्दगी अवधि एवं परिनिर्धारित क्षय (Delivery Period and Liquidated damages) :–

1) जिस बोलीदाता की बोली स्वीकार की जाऐगी वह बोली आमंत्रण में अंकित सप्लाई अवधि में समस्त माल की सप्लाई निर्धारित गनतव्य स्थान पर पूर्ण करेगा । सप्लाई अवधि, विभाग द्वारा जारी सप्लाई आदेश की दिनांक से शुरू होगी ।

2) परिनिर्धारित क्षति (Liquidated damages) के साथ सुपुर्दगी अवधि में वृद्धि करने के मामले में, वसूली निम्नलिखित प्रतिशत के आधार पर उन स्टोर के मूल्यों के लिए की जाएगी जिनकी निविदादाता सप्लाई करने में असफल रहा है :–

a) विहित सुर्पदगी अवधि के लिए एक चौथाई (1/4) अवधि तक के विलंब के लिए:– 2.50 %

b) विहित सुर्पदगी अवधि की एक चौथाई (1/4) अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि की आधी अवधि (1/2) से अनधिक के लिए :– 5.00 %

c) विहित सुर्पदगी अवधि की आधी अवधि (1/2) अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि की तीन चौथाई (3/4) से अनधिक के लिए :– 7.50 %

d) विहित सुर्पदगी अवधि की तीन चौथाई (3/4) अवधि से अधिक के विलम्ब के लिए :– 10.00 %

e) विलंब की अवधि में आधे दिन से कम के भाग को छोड दिया जायेगा ।

f) परिनिर्धारित क्षति की अधिकतम राशि 10 प्रतिशत होगी ।

3) यदि बोलीदाता किसी प्रकार की बाधा के घटित हो जाने के कारण संविदान्तर्गत सप्लाई को पूरा करने के लिए समय में वृद्धि करने के लिए चाहता हैं, तो वह लिखित में उस प्राधिकारी को आवेदन करेगा जिसने वह प्रदायगी आदेश दिया है । किन्तु यह आवेदन बाधा के घटित होने पर तुरन्त उसी समय दिया जायेगा न कि सप्लाई को पूर्ण होने की निर्धारित तारीख के बाद दिया जायेगा ।

4) यदि माल की सप्लाई करने में उत्पन्न हुई बाधा बोलीदाता के नियन्त्रण से परे कारणों से हुई हो, तो सुपुर्दगी की अवधि में वृद्धि परिनिर्धारित क्षति सहित या रहित की जा सकेगी ।

21. बोली प्रतिभूति (Bid Security) :–

1) बोली प्रतिभूति राशि बोली के लिए प्रस्तुत उपापन की विषय वस्तु के प्राक्कलित मूल्य का 2 प्रतिशत होगी। उपापन प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता से बोली आमंत्रित सूचना में यथा विनिर्दिष्ट बोली प्रतिभूति देने की अपेक्षा की जायेगी । इसके अभाव में बोली पर विचार नही किया जायेगा । राजस्थान के लघु उघोगों की दशा में वित्त विभाग राज. की अधिसूचना संख्या प. 1(8) वित्त/सावितेनि/2011 दिनांक 19.11.2015 के खण्ड 8 के तहत Entrepreneurs Memorandum-II/Udyog Aadhaar Memorandum/ Udyam Registration Certificate प्रस्तुत करने पर बोली प्रतिभूति प्रदत्त मात्रा का 0.5 प्रतिशत होगी ।

2) बोली प्रतिभूति राशि सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी (Secretary, District Legal Service Authority, Phalodi) के नाम पर बैंकर्स चैंक/डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करायी जावेगी ।

3) उपापन संस्था के पास अन्य बोलियों में प्रतीक्षित विनिष्चय के सबंध में रखी हुई बोली लगाने वाले की बोली प्रतिभूति, नयी बोली के लिए बोली प्रतिभूति में समायोजित नही की जायेगी । तथापि, मूल रूप से जमा करायी गयी बोली प्रतिभूति बोली के पुनः आमंत्रित किये जाने की दशा में विचार में ली जा सकती है।

4) असफल बोली लगाने वालों की बोली प्रतिभूति का प्रतिदाय सफल बोली की अंतिम स्वीकृति और करार के हस्ताक्षर करने और कार्य सम्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत करने की शीघ्र पश्चात् कर दिया जायेगा ।

5) राज.लोक उपापन में पारदर्षिता नियम 2013 के उप नियम 43(12) के तहत सफल बोलीदाता की बोली प्रतिभूति की रकम कार्य सम्पादन प्रतिभूति की रकम में समायोजित की जा सकती है या लौटायी जा सकती है यदि सफल बोलीदाता वाला पूर्ण रकम की कार्य सम्पादन प्रतिभूति दे देता है।

6) बोली प्रतिभूति, बोली की मूल या बढायी गयी विधिमान्यता की कालावधि से तीस दिन आगे तक विधिमान्य रहनी चाहिए ।

7) बोली लगाने वाले से ली गई बोली प्रतिभूति का समपहरण (Forfeiture of Bid Security) निम्नलिखित मामलों में किया जा सकेगा :–

a) जब बोलीदाता बोली के खुलने के पश्चात अपनी बोली प्रत्याहृत (Withdraws) या उपान्तरित (Modifies) करता है।

b) जब बोलीदाता प्रदाय/संकर्म आदेश (Supply/Work order) देने के पश्चात् विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर करार, यदि कोई हो, का निष्पादन नही करता है।

c) जब बोलीदाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर प्रदाय/संकर्म आदेश (Supply/Work order) के अनुसार माल या सेवा का प्रदाय या संकर्म का निष्पादन प्रारंभ करने में असफल रहता है।

d) जब बोलीदाता प्रदाय/संकर्म आदेश (Supply/Work order) दिये जाने के पश्चात् विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Performance Security) जमा नही कराता है।

e) यदि बोलीदाता राज. लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 और राज. लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अध्याय 6 में विनिर्दिष्ट बोली लगाने वालों के लिए विहित सत्यनिष्ठा की संहिता के किसी उपबंध का भंग करता है।

22. कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Performance Security) :–

1) सफल बोलीदाता से कार्य सम्पादन प्रतिभूति की रकम माल और सेवाओं के उपापन के मामले में प्रदाय आदेश की रकम की पांच प्रतिशत होगी । संकर्मो के उपापन के मामले में संकर्म आदेश की रकम की दस प्रतिशत होगी । कार्य सम्पादन प्रतिभूति की राशि किसी भी दशा में बोली प्रतिभूति की राशि से कम की नही होगी । राजस्थान के लघु उघोगों की दशा में वित्त विभाग राज. की अधिसूचना संख्या प. 1(8) वित्त/सावितेनि/2011 दिनांक 19.11.2015 के खण्ड 8 के तहत Entrepreneurs Memorandum-II/Udyog Aadhaar Memorandum/ Udyam Registration Certificate प्रस्तुत करने पर बोली प्रतिभूति प्रदत्त मात्रा का एक प्रतिशत होगी

2) कार्य सम्पादन प्रतिभूति किसी अनुसूचित बैंक का बैंकर चैक या बैंक ड्राफ्ट के रूप में स्वीकार की जायेगी ।

3) कार्य सम्पादन प्रतिभूति किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारटी। यह जारी करने वाले बैंक से सत्यापित करायी जायेगी ।

4) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज नही दिया जायेगा ।

5) कार्य सम्पादन प्रतिभूति वारंटी बाध्याताओं और रखरखाव और दोष दायित्व कालावधि को सम्मिलित करते हुए बोली लगाने वाले की समस्त संविदाजात बाध्याताओं के पूरा होने की तारीख से परे साठ दिनों की कालावधि के लिए विधिमान्य रहेगी ।

6) सफल बोलीदाता की बोली प्रतिभूति की रकम कार्य सम्पादन प्रतिभूति की रकम में समायोजित की जा सकती है या लौटायी जा सकती है यदि सफल बोलीदाता वाला पूर्ण रकम की कार्य सम्पादन प्रतिभूति दे देता है।

7) कार्य संपादन प्रतिभूति राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से समपहरण (Forfeiture of Performance Security) निम्नलिखित मामलों में किया जा सकेगा :–

a) जब संविदा के किन्ही निबंधनों और शर्तो का उल्लघन किया गया हो ।

b) जब बोलीदाता सम्पूर्ण प्रदाय/सेवा संतोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।

c) जब बोलीदाता सेवा सप्लाई आदेश के अनुसार निर्धारित सप्लाई अवधि में सेवा की सप्लाई आरम्भ करने में असफल रहता हो ।

d) कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के समपहरण करने के मामलों में युक्तियुक्त सुनवाई का अवसर दिया जाऐंगा । इस सबंध में उपापन संस्था का निर्णय अंतिम होगा ।

23. अतिरिक्त कार्य सम्पादन प्रतिभूति (Additional Performance Security) :–

1) कार्य सपांदन प्रतिभूति के अतिरिक्त असंतुलित बोली के मामले में सफल बोली लगाने वालों से अतिरिक्त कार्य संपादन प्रतिभूति भी ली जायेगी।
2) अतिरिक्त कार्य संपादन प्रतिभूति, असंतुलित बोली रकम के पचास प्रतिषत के बराबर होगी।
3) अतिरिक्त कार्य संपादन प्रतिभूति, करार के निष्पादन से पूर्व सफल बोली लगाने वाले द्वारा एक मुष्त जमा की जायेगी।
4) अतिरिक्त कार्य संपादन प्रतिभूति ई–ग्रास, मांगदेय ड्राफ्ट, बैकर्स चैक, सरकारी प्रतिभूतियों या बैंक गारंटी के माध्यम से जमा की जायेगी।
5) अतिरिक्त कार्य संपादन प्रतिभूति, संपूर्ण कार्य के समाधानप्रद रूप से पूरा हो जाने के पष्चात् संविदाकार को प्रतिदत्त की जायेगी।
6) यदि संविदाकार द्वारा नियम समय के भीतर कार्य पूर्ण नही किया जाता है, तो उपापन संस्था द्वारा अतिरिक्त कार्य प्रतिभूति समपहृत की जायेगी।

24. करार का निष्पादन (Execution of agreement) :–

1) कोई उपापन संविदा, ऐसी तारीख से प्रवृत होगी, जिसको स्वीकृति पत्र या आशय पत्र बोली लगाने वाले को प्रेषित किया जाता है।
2) सफल बोलीदाता को प्रदाय आदेश की रकम के 0.25 प्रतिशत (न्यूनतम रू 500 तथा अधिकतम रू 15000) के बराबर राशि के नॉन–जयूडिशियल स्टाम्प पेपर पर सामान्य एवं वित्तीय लेखा नियम में निर्धारित एस.आर. प्रारूप 17 में एक करार पत्र स्वंय के व्यय पर निष्पादन करना होगा ।
3) यदि बोली लगाने वाला, जिसकी बोली स्वीकृत की जा चुकी है, विनिर्दिष्ट कालावधि में लिखित उपापन संविदा पर हस्ताक्षर करने में विफल रहता है या अपेक्षित कार्य सम्पादन प्रतिभूति देने में विफल रहता है तो उपापन संस्था, सफल बोली लगाने वाले के विरूद्ध अधिनियम या इन नियमों के उपबंधों के अनुसार कार्रवाई करेगी । उपापन संस्था, ऐसे मामलों में उपापन प्रक्रिया रद्ध कर सकेगी या यदि वह उचित समझे तो, बोली दस्तावेज में उपवर्णित कसौटी और प्रक्रियाओं के अनुसार, न्यूनतम या सर्वाधिक लाभप्रद दरों पर अगले न्यूनतम या सर्वाधिक लाभप्रद दर की बोली लगाने वाले को, स्वीकृति का प्रस्ताव दे सकेगी ।

25. परिणाम मे परिवर्तन का अधिकार (Right to Vary Quantity) :–

1) यदि उपापन संस्था परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण उपापन की कोई विषयवस्तु उपाप्त नही करती है या बोली दस्तावेजों में विनिर्दिष्ट परिमाण से कम उपाप्त करती है तो बोली लगाने वाला बोली दस्तावेजों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दावे या प्रतिकर का हकदार नही होगा।

2) अतिरिक्त मदों या अतिरिक्त परिमाणों के लिए पुनरादेश, यदि यह बोलीदस्तावेजों मे उपबंधित हो, संविदा मे दी गयी दरो और शर्तों पर दिये जा सकेंगे यदि मूल आदेश खुली प्रतियोगी बोलिया आमंत्रित करने के पश्चात् दिया गया था। प्रदाय या पूर्ण होने की कालावधि भी आनुपातिक रूप से बढ़ायी जा सकेगी। पुनरादेश की सीमाए निम्नलिखित होगी –

a) सकर्मों की दशा मे व्यष्टिक मदों की मात्रा का 50 प्रतिशत और मूल संविदा के मूल्य का 50 प्रतिषत

b) मूल संविदा के माल या सेवाओं के मूल्य का 50 प्रतिशत।

26. अधिनिर्णय के समय एक से अधिक बोली लगाने वालों के बीच परिमाणों का विभाजन (Dividing quantities among more than one bidder at the time of award) :– सामान्य नियम के रूप में उपापन की विषयवस्तु के समस्त परिमाण उस बोली लगाने वाले से उपाप्त किये जायेंगे जिसकी बोली स्वीकार की गयी है। तथापि, जब यह समझा जाये कि उपाप्त की जाने वाली उपापन की विषयवस्तु का परिमाण बहुत अधिक हैं और इस सम्पूर्ण परिमाण का प्रदाय करना उस बोली लगाने वाले की क्षमता में नहीं हो सकेगा जिसकी बोली स्वीकार की गयी है या जब यह समझा जाये कि उपाप्त की जाने वाली उपापन की विषयवस्तु गम्भीर और महत्वपूर्ण प्रकृति की है तो ऐसे मामलों में परिमाण को उस बोली लगाने वाले, जिसकी बोली स्वीकार की गयी है और द्वितीय निम्नतम बोली लगाने वाले या उसी क्रम में और भी बोली लगाने वालों के बीच, उस बोली लगाने वाले की दरों पर, जिसकी बोली स्वीकार की गयी है, ऋजु, पारदर्शी और साम्यापूर्ण रीति से विभाजित किया जा सकेगा, यदि ऐसी शर्त बोली दस्तावेजों में विनिर्दिष्ट है। स्वीकार्य कीमत पर पहुंचने के लिए प्रथम निम्नतम बोली लगाने वाले (एल 1) को किया गया प्रति–प्रस्ताव बातचीत के समान होगा। तथापि, परिमाणों के विभाजन की दशा में, जैसा बोली दस्तावेजों में पहले से प्रकट किया गया हो, तत्पश्चात् द्वितीय निम्नतम बोली लगाने वाले (एल 2), तीसरे निम्नतम बोली लगाने वाले (एल 3) इत्यादि (एल 1 द्वारा स्वीकार की गयी दरों पर) को किया गया प्रति–प्रस्ताव बातचीत नहीं समझा जायेगा।

27. बोली लगाने वाले के द्वारा सत्यनिष्ठा संहिता का भंग (Breach of code of integrity by the bidder) :– अधिनियम के अध्याय 4 के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, किसी बोली लगाने वाले या, यथास्थिति, भावी बोली लगाने वाले के द्वारा सत्यनिष्ठा संहिता के किसी उपबन्ध के भंग की दशा में उपापन संस्था धारा 11 की उप–धारा (3) और धारा 46 के उपबंधों के अनुसार सुमचित कार्रवाई कर सकेगी।

28. यदि बिडदाता ऐसी शर्त आरोपित करता है जो इसमें वर्णित शर्तो के अतिरिक्त है या उनके विरोध में है, तो उसकी बिड को संक्षिप्त रूप में कार्यवाही कर रद्द कर दिया जाएगा । किसी भी सूरत में इनमें से किसी भी शर्त को स्वीकार किया हुआ नही समझाा जाएगा जब तक कि क्रेता अधिकारी द्वारा जारी किए गए बिड स्वीकृति के पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित न किया गया हो ।

29. उपापन समिति किसी भी बिड को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की बिड नही है, स्वीकार करने, बिना कोई कारण बतलाये किसी भी निविदा को रद्ध करने या जिन वस्तुओं के लिए बोलीदाता ने बोली दी है, उन सब के लिए या किसी एक या अधिक के बोली को स्वीकार करने या एक फर्म/सप्लायर से अधिक को स्टोर्स की मदों को वितरित करने के अधिकार को अपने पास आरक्षित रखेगा ।

30. किसी या समस्त बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का उपापन संस्था का अधिकार– उपापन संस्था बोली लगाने वालों के प्रति किसी उत्तरदायित्व को उपगत किये बिना, किसी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने, और बोली प्रक्रिया को रदद करने और संविदा के अधिनिर्णय से पूर्व किसी भी समय, समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। ऐसा करने के कारण लेखबद्ध किये जायेंगे।

31. बिडदाता को करार के निष्पादन के समय निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करेगा :–
    1) यदि भागीदारी फर्म हो तो भागीदारी विलेख (PartnerSheep Deed) की एक स्वहस्ताक्षरित प्रमाणित प्रति ।
    2) यदि भागीदारी फर्म रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स के पास पंजीकृत हो तो पंजीयन संख्या एवं उसका वर्ष
    3) एकल स्वामित्त्व के मामले में आवास एवं कार्यालय का पता, टेलीफोन नम्बर
    4) कम्पनी के मामलें में कम्पनी के रजिस्ट्रार के द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र कमउपापन संविदा, ऐसी तारीख से प्रवृत होगी, जिसको स्वीकृति पत्र या आशय पत्र बोली लगाने वाले को प्रेषित किया जाता है।

32. यदि संविदा के निर्वचन (Interpretation), आशय या संविदा की शर्तो के उल्लघंन के सबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो पक्षकारों द्वारा मामले को विभागाध्यक्ष को भेजा जाएगा जो उस विवदा के लिए एकमात्र मध्यस्थ (सोल आर्बिट्रटर) के रूप में अपने वरिष्ठतम उप–अधिकारी की नियुक्ति करेगा । यह उप–अधिकारी इस संविदा से सबद्ध नही होगा तथा उसका निर्णय अन्तिम होगा ।

33. समस्त विधिक कार्यवाही, यदि संस्थित किया जाना आवश्यक हो तो किसी भी पक्षकार (सरकार या निविदादाता) द्वारा फलोदी स्थित न्यायालयों में ही पेश की जायेगी अन्यत्र पेश नहीं की जायेगी ।

अध्यक्ष
क्रय/उपापन समिति
(सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फलोदी)

प्रमाणित किया जाता है कि बोली प्रपत्र तथा प्रपत्र के सलग्न सभी शर्तों को सावधानी पूर्वक पढ़ कर समझ लिया गया है तथा इनके सभी पृष्ठों पर स्वीकार किये जाने के प्रमाण में हस्ताक्षर कर दिये गये है ।

बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मोहर

Technical Envelope 'A'

OFFICE OF THE SECRETARY, DISTRICT LEGAL SERVICE AUTHORITY , Phalodi

Detailed Technical Specification & Compliance Sheet

Sl. No.	Name of Item	Specification	Compliance Yes/No (To be filled by bidder)
1	Officer Table With Side Table and Table Top Glass(Sect. Chamber)	1-Table Size:-L 6' x D 4 ' x H 2½' FT & Side Table L 3' x D 1½ ' x H 2½' FT with Top 25mm and all side cover panels should be 18 mm Pre-Laminated Particle Board finished. 2- All the edges are sealed duly surrounded by teak wood moulded edge bending duly polished 3-One side fixed standard equal size three filing drawers and other side fixed filing storage unit divide in equal with one shelf with door fiting. 4-All drawers shall run on smooth channel. 5-All drawers and Door of storage unit will be provided with smooth Locking Arrarngement and all handle shall be made of Stainless Steel. 6-Provision for Foot Rest. The base of legs fitted with plastic bush. (Rectangular Pattern)	
2	Executive High Back Officer Chair(Sect. Chamber)	Seating H 20" x D 21" x 24"and Backrest H 54" x W 21" with full arms and arms size 32x1½" and Legs 22x2½". The Seat should be made of 18mm MR Grade plywood and Back should be made of 12 mm plywood and fram, legs, arms should be of Complete Sagwan Wood with Melamine Polish. The seat cushion of the chair should be made up of 50mm thick High Density of 40±2 Kg/cub.M and back cushion should be made up of 38mm thick High Density 32±2Kg/cub.M and good quality approved valvet febric.	
3	Tabular Steel Chrom Finish Visitor Chair With Continus Arms (Chamber)	**As Per Office Sample** Size of Backrest H. 46 x W. 50 CM and Seat W. 51 x D. 45 x H 47 CM The Seat and Back of the chairs should be pressed on 15mm plywood upholstered with rich leatherette fabric and moulded Polyurethane Foam. The seat cushion of the chair should be made up of 80mm thick High Density of 45±2 Kg/cub.M. Polyurethane mould and back cushion should be made up of 70 mm thick High Density 32±2 Kg/cub.M. Fitted with 4 polypropylene glides. Arms Fixed and Continous made from black iintegral skin polyurethane.	
4	5 Seater Sofa Set(Sect. Chamber)	5 Seater Sofa set 3+1+1. Three seated sofa shall have overall size of 1800 W x 600 D x 860 H mm, Seath Height 400MM One Seated Sofa shall have overall size of 700 Wx 600 D x 860 H mm, Seath Height 400 mm Full Arms size 3½ x 1½" and Legs Size 22 x 2½" The Seat should be made of 18mm MR Grade plywood and Back should be made of 12 mm plywood and fram, legs, handel should be of Complete sagwan wood with melamine polish. Seat cushion should be made up of 4" thick High Density of 40 ±2 Kg/cub.M and back cushion should be made up of 3" thick High	

		Density 32±2 Kg/cub.M. and superior quality approved fabric cloth @ 350/- to 450/- Per Mtr. All material should be used of relevant ISI specification.	
5	Centre Tabel(Sec t. Chamber)	Size:- 48 "*24"*18" and Legs 2 *2^ prime prime . Complete sagwan wood melamine polish and and fixing inside 12 mm thick designer glass open from all sides and one shelf to be fitted for keeping news paper and magazine	
6	Coat Hanging Cabinet for Sect. Chamber	Size H 48" x D 6" x W 26" Coat Rack in MR Grade Plywood 18 MM., 5MM teak wood beading, 1 MM Sunmica, Front Mirror fixed in Single Door Frame, S.S.Handel on Door, Inside fixed a movalble steel Hook for coat hangig, Wall mounted.	
7	Wooden Table(Offic e Staff	Size:- 4'x 2½'x 2½ ' Ft. Table with work top shall be made of 25 MM Pre Laminated Particle Board. One side fixed equal size one drawer and filing storage unit. Drawers shall run on telescopic channel and provided with Locking arrarngement and all Handel shall be made of Stainless Steel. Provision for Foot Rest.All sides panel should be covered with 18mm Pre Laminated Particle Board. All the edges are sealed with equivalent matching 2mm thick PVC (Machine Edge Beading) bending. The base of table and racks legs fitted with plastic bush. *(wtih 2 Table Top Glass)*	
8	Tabular Staff Steel Chrom Finish Chair With continous Arms(Offic e staff)	Chair Dimension:- Back 18" x 21" and Seat 18" x 18"with full back chair The Seat and Back of the chairs should be pressed on plywood upholstered with rich leatherette and moulded Polyurethane Foam. The polyurethane foam is moulded with 80MM density = 45 ±2 Kg/m³ The Continous armrest should be gas-assisted injection molded from black polypropylene. Plastic bush shall be proper fitted at the bottom of the chair.	
9	Office Steel Almarah	Size of 78" x 36" x 19" (H x W X D) and Pedestal Height 5" Approximate Weight 65 KG. (Exculding Pedestal) 1-With four shelves making five compartments shall be welded construction with 0.8 mm thick Mild Steel Sheet for front,back, sides,door and shelf. The Shelves have lipped flanges 2.5mm in width and 1.5mm in depth on front side each shelf shall be fixed to the sides and back either by tack welding or by rivets. 2-The locking and handle of the storage shall be mazak handle with three way locking mechanism. 3-All dents, burrs and sharp edges shall be removed from the various components.Putty shall be applied to all the surface required filling. Finish with spray paint.	
10	Steel Racks	Steel Shelving Racks adjustable open type Size of 78" x 36" x 15" (H x W X D) with six adjustable shelves. Approximate Weight 40 KG. The angle posts shall be rolled angles of size 40x40x3mm. These shall have 8mm diameter holes provided at 50mm centres. The holes shall starts at 12.5mm centres from each end.The metal shelves shall made from mild steel sheet of not less than 1 mm thickness. The rack shall be neatly and duly finished with spray Paint and all dents, burrs and sharps edges removed. Putty shall be applied to all the surface required filling	

11	Desert Coolers	1-Made of Galvanised Iron Sheet, Size of Cooler LXBXH= 30" x 20" x 50" 2-Top Cover & Pillar of 20 gauge, side panles of 22 gauge, tank Height 10" made of 20 gauge, Front Grill and directional grills of Gl Sheet. Storage Capicity 80 liters. 3-Fan Motor:- 508 mm exhaust fan heavy duty duly copper wound, Speed: 1400RPM. Three speeds (HighlMedium/low) with 18" Fan Blade fitted to body. Fan should be Crompton/Bajaj/ Khaitan/Cool Home. 4-Pump Motor:-Vertical pump Magnet Driven Pump (Sub-mersible type) 18 W, 1.6 Mtr lift, ISI mark or any Branded Manufacturer 5-Cord:- 3 core flexible cord PVC sheeted and insulated, 05 Mtr.long. 6-Brass/SS Drain Plug should be fitted on the Cooler body. 7-Wood woll/Cooler Grass Pad of proper thickness will be provided in each panel. 8- Complete Finish with Spray Paint	
12	Computer Revolving Chair	Ergonomic High-Back Design: Features a 2D adjustable headrest, lumbar support, and adjustable arms for personalized comfort and posture support. Tilt & Height Adjustable: Recline from 90° to 135° with tilt lock; height adjustment ensures an ideal seating position for any workspace. Breathable Mesh Backrest: Promotes airflow, keeping you cool and comfortable during extended sitting periods. Durable & Certified Build: Heavy-duty nylon base supports up to 100 kg; BIFMA-certified and tested for 100,000 durability cycles. DIY Assembly & 3-Year Warranty: Easy setup with included guide; backed by a 3-year warranty for peace of mind and long-term use. Product Dimensions 73D x 36W x 65H Centimeters	
13	TNG Care furniture S Tpye Chair	Color: Grey Material: Teak	
14	3 Seater Steel Waiting Chair	Fabrication and supply of Stainless Steel 202 Grade mat finish Three Seater Visitor Bench with Back Rest and arms and legs with fully support. Stainless Steel Sheet/Plate shall be of 16 gauges, round pipe shall be of 50/40mm dia and 2 mm thickness, square pipe shall be of size 50mm x 50mm and 2mm thickness. All facbrication work shall be done with Argon Welding. All the joints shall be finished and polishing to match with parent material. Legs fittd with plastic bush. Between two legs have S.S. Foot rest as above round pipe. Dimension:- Beeh Detail:- Length: 1530mm, Width: 460mm, Height: 450mm Back Detail:- Length: 1530mm, Width: 460mm, Height: 450mm	

1. उपरोक्त सभी आईटम के सेम्पल कार्यालय में उपलब्ध है। अतः बोलीदाता बोली प्रस्तुत करने से पूर्व कार्यालय समय में इनका निरीक्षण कर सकता है। सेम्पल के अनुसार हि बोली प्रस्तुत करावे। कार्यालय में उपलब्ध सेम्पल के अनुसार ही उपरोक्त कार्य किया जायेगा।
2. सामग्री अनुमोदित स्पेस्फिकेशन के अनुसार ही तैयार कर आपूर्ति करनी होगी। उपरोक्त स्पेस्फिकेशन के अतिरिक्त अन्य स्पेस्फिकेशन की सामग्री पर विचार नही किया जायेगा ।
3. समस्त आईटम एक वर्ष का ऑन साईट वांरटी पिरियड रहेगा
